# इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में शामिल होगा बड़नगर

**भोपाल, 6 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयां को छू रहा है. देश में मध्यप्रदेश का विशेष महत्व है. विकास के इस कारवां को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार समाज के हर वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है. उज्जैन जिले का बड़नगर भी विकास में अग्रणी रहेगा. बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का भाग बनेगा. बड़नगर पर बाबा महाकाल सहित चंबल, शिप्रा और गंभीर नदियों का भी आशीर्वाद है. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन किया है. टेक्सटाइल सेक्टर के इस मेगा इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ भी बड़नगरवासियों को मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़नगर क्षेत्र में संचालित गौशालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनें लेने में सहायता के उद्देश्य से स्वेच्छानुदान से अंश राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि इससे नरवाई के निराकरण के साथ ही गौशालाओं को पर्याप्त भूसा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़नगर क्षेत्र के व्यायाम शालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रूपए देने की घोषणा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनका आभार प्रकट करने मुख्यमंत्री निवास पहुंचे बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को संबोधित कर रहे थे.




## सीएम ने की गेहूं पर बोनस की घोषणा

**इन्दौर.** मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है. मुख्यमंत्री ने इंदौर में मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि राज्य सरकार गेहूं की खरीद अब 2625 प्रति क्विंटल की दर से करेगी. सरकार ने एमएसपी 2585 प्रति क्विंटल पर 40 बोनस देने का निर्णय लिया है. सीएम ने यह भी घोषणा की कि गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च तक कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ ले सकें.

### दिन में बिजली देने की योजना जारी रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के समय दिन में ही बिजली उपलब्ध कराई जाएगी. रात में सिंचाई या अन्य कृषि कार्य करने में किसानों को जो परेशानियां होती हैं, उन्हें देखते हुए सरकार यह कल्याणकारी व्यवस्था आगे भी जारी रखेगी. उन्होंने बताया कि बड़वानी में हुई कृषि कैबिनेट के संकल्पों को सरकार लगातार पूरा कर रही है और किसानों के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं. सीएम ने इंदौर में निकलने वाली पारंपरिक गैर को लेकर भी लोगों को अग्रिम बधाई दी. उन्होंने कहा कि होली रंगों और आनंद का त्योहार है और हमें मिलकर देश की हजारों साल पुरानी संस्कृति को जीवित रखना चाहिए.

### मां की मौत को लेकर युवक ने रोका सीएम का काफिला

इंदौर में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान एक युवक ने अपनी मां की मौत के मामले में न्याय की मांग करते हुए उनका काफिला रोक लिया. बताया गया कि करीब पांच महीने पहले मंजू चौहान को सर्दी-खांसी की शिकायत के चलते एक निजी क्लिनिक पर बीएचएमएस डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन और बॉटल लगाई गई थी. इसके बाद उनकी मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. मृतका के बेटे रोहन ने न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री का काफिला रोक दिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवक से बात की और मामले में हर संभव मदद का आश्वासन दिया.

## यूपीएससी में सफल युवाओं को दी बधाई

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यू पी एस सी के परिणामों में मध्य प्रदेश के दो युवाओं के टॉप-10 में स्थान बनाने पर खुशी जताई. उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान भोपाल के ईशान को 5वीं रैंक और धार के प्रक्षल को 8वीं रैंक हासिल करने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के युवा देश-दुनिया में मध्य प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं. डॉ यादव ने गेहूं के संबंध में भी घोषणा करते हुए कहा कि सरकार किसान हितैषी है. डॉ यादवने यूपीएससी में राज्य के अन्य सफल हुए उम्मीदवारों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.

**सफल उम्मीदवार प्रदेश का नाम भी कर रहे हैं रोशन**

# 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान

## तेज धूप ने बढ़ाई गर्मी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 6 मार्च. होली के बाद तेज धूप के चलते प्रदेश में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है, जिसके चलते भीषण गर्मी का एहसास लोगों को हो रहा है. आगामी दिनों में लोगों को और अधिक गर्मी से जूझना पड़ सकता है. नर्मदापुरम में तापमान 38 डिग्री को टच कर गया.**

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटो में, अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 20° से 30° तक अधिक रहा. नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.3° से. 4.8° से. अधिक रहा. शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा. इसके साथ ही रीवा, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8° से. - 2.5° से. अधिक रहा, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में सामान्य से 3.1° से. - 36° से. तक काफी अधिक रहा.



मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिम ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है. एक ट्रफ, उत्तर-पश्चिम ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्रों पर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण से उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश तक माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है. उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम, लगभग 213 किमी/घंटा की गति से माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर बह रही है.

# महाकाल की नगरी में पहली बार निकलेगी कृष्ण सुदामा रंग उत्सव यात्रा

- रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल
- खुले ट्राले में नृत्य मंडली देगी प्रस्तुति
- उज्जैनवासी रंगों से होंगे सराबोर और सैकड़ों स्वागत मंच लगेंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन आएंगे और रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव यात्रा में शामिल होंगे. इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं.**

### रंगारंग आतिशबाजी

कार्यक्रम के दौरान रंगों की आतिशबाजी मुख्य आकर्षण रहेगी. इसके साथ ही एक विशेष तोप भी तैयार की गई है, जिससे रंगों की बौछार की जाएगी. यादव समाज और सिंधी समाज, बैरवा समाज, बबलू यादव मित्र मंडली, ब्राह्मण समाज सहित कई सामाजिक संगठनों द्वारा मंच लगाकर यात्रा का स्वागत किया जाएगा. मुख्यमंत्री के साथ नगर के भाजपा नेता, कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी शामिल होंगे.

नवभारत से चर्चा में इवेंट डायरेक्टर कपिल यारदे ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे संत नगर चौराहा से कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव यात्रा प्रारंभ होगी, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे. यात्रा के स्वागत के लिए शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा सैकड़ों मंच तैयार किए गए हैं.

**संत नगर से टॉवर तक**-यह यात्रा संत नगर चौराहा से प्रारंभ होकर तीन बत्ती चौराहा, इंदिरा गांधी चौराहा से होते हुए टावर चौक पहुंचेगी. टॉवर चौक पर यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिवर्तित हो जाएगी. यहां भव्य मंच बनाया गया है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन भी होगा और बड़े पैमाने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

**नृत्य मंडली आएगी**-आयोजन में बाहर से नृत्य मंडलियों को भी आमंत्रित किया गया है. एक खुला ट्राला तैयार किया गया है, जिस पर झांकियां यात्रा के आगे-आगे चलेंगी. झांझ, मंजीरे, ढोल और शंख के वादन के बीच मुख्यमंत्री और शहरवासी रंगों में सराबोर दिखाई देंगे. यह पहली बार है जब नगर में कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव यात्रा निकाली जा रही है और उज्जैन दक्षिण क्षेत्र में इसका भव्य स्वागत किया जाएगा.

**महापौर की गैर निरस्त**-उज्जैन उत्तर क्षेत्र में महापौर मुकेश टटवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली नगर गैर को निरस्त कर दिया गया है. अब पूरे शहर की एक ही रंग उत्सव यात्रा निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे.

### अफसरों ने किया दौरा

यात्रा को लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने यात्रा मार्ग का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. अधिकारियों को पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और जहां भी अव्यवस्था मिली, उसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए.

**ट्रैफिक व्यवस्था बदलेगी**-यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था भी बदली जाएगी. सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संत नगर से सिंधी कॉलोनी चौराहा होते हुए टॉवर चौक तक ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा. आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव यात्रा बिना बाधा के संपन्न हो सके.

# UPSC 2025 टॉप 5 में भोपाल के ईशान

## धार जिले के बाग के छात्र पक्षाल जैन ने 8वीं रैंक हासिल की

**भोपाल, 6 मार्च. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के ईशान भटनागर ने UPSC 2025 के परिणाम में टॉप-5 स्थान हासिल कर शहर और प्रदेश का मान बढ़ाया है.**

फिलहाल वे नागपुर में इंडियन रेवेन्यू सर्विस (IRS) की ट्रेनिंग (IRS Training) कर रहे हैं. इससे पहले भी वे PSC में चयनित होकर IRS के लिए चुने गए थे, लेकिन इस बार टॉप रैंक लाकर उन्होंने IAS बनने का रास्ता तय कर लिया है. ईशान की मां, प्रोफेसर विनीता धौंढ़ियाल भटनागर ने अपने पुत्र की सफलता पर प्रसन्न्ता जताते हुए कहा कि रिज़ल्ट वाले दिन वे बेटे से मिलने नागपुर



पहुंचीं. उनका कहना था कि यदि परिणाम उम्मीद के अनुसार न आता, तो वे उनके साथ रहकर हौसला बढ़ाना चाहतीं. लेकिन परिणाम उम्मीद से कई गुना बेहतर आया और परिवार ने इस खुशी को मिलकर मनाया. उन्होंने कहा कि भोपाल से उनका गहरा जुड़ाव है और यह उपलब्धि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है.



**धार.** धार जिले के बाग के छात्र पक्षाल जैन ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 8वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. पक्षाल की इस सफलता से उनके परिवार और पूरे बाग में उत्सव का माहौल है. कपड़ा व्यापारी नीलेश जैन और गृहिणी दीप्ति जैन ने बताया कि पक्षाल शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि रहे हैं. उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बाग से प्राप्त की और इंदौर से स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद आईआईटी कानपुर से फाइनेंस में डिग्री ली. तकनीकी शिक्षा के बाद उन्होंने देश सेवा के लक्ष्य के साथ साल 2022 में दिल्ली जाकर यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी. पक्षाल की छोटी बहन ने उनकी सफलता के पीछे के संघर्ष को साझा करते हुए बताया कि वे दिनभर में मात्र 5 घंटे की नींद लेते थे. शेष सारा समय वे लाइब्रेरी में पढ़ाई करते हुए व्यतीत करते थे.

# अभियान : ट्रेनों में अवैध सामग्री की रोकथाम

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल.** रेलवे स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग की रोकथाम, खानपान सामग्री की गुणवत्ता जाँच लगातार की जा रही है. ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, लिनेन स्टाफ, पेंट्री/ कैटरिंग स्टाफ तथा वेंडरों द्वारा अवैध रूप से शराब, गुटखा, सिगरेट आदि उपलब्ध कराने की संभावित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से भोपाल मंडल में दिनांक 2 मार्च से आगामी 15 दिनों तक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है.




महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधि महिला पाठकों के लिये विशेष भेंट

नारी शक्ति के सम्मान में सुरुचि का विशेष अंक 8 मार्च 2026 को प्रकाशित किया जा रहा है. सुधि पाठक सुरुचि का यह अंक **रविवार 8 मार्च** को अपने हॉकर से लेना न भूलें


# अशोकनगर के चितवन की 17वीं रैंक

- परिणाम आने पर चितवन ने दी परिवार को सूचना, परिवार में खुशियां

**अशोकनगर.** मन ने यदि कुछ बनने और करने का दृढ संकल्प कर लिया तो पूरी कायनत भी उसे उसके मुकाम तक ले जाती है, ऐसा ही दृढ संकल्प उस समय साकार होता नजर आया, जब यूपीएससी के परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जिसमें शहर के सोनी कालोनी निवासी चितवन जैन यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 23 वीं रैंक हासिक करते हुए आईएएस अधिकारी का प्राप्त किया है.

परिणाम आने के बाद उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पूरा परिवार में खुशी का महौल देखा गया और वह एक



दूसरे को मिठाई बांटकर शुभकामनाएं देते हुए नजर आए. दरअसल शुक्रवार को यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया. जिसमें अशोकनगर के 23 वर्षीय चितवन जैन ने 17वीं रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी का पद प्राप्त किया है.

चितवन ने यह उपलब्धी अपने तीसरे प्रयास में प्राप्त की. वहीं उन्होंने अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी दिमाग पर अनावश्यक दबाव नहीं डाला और प्रतिदिन आवश्यकतानुसार अध्ययन किया. चितवन ने अपनी सफलता में परिवार के पूर्ण सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया. पिता ने कहा वह बचपन से बनना चाहता था कलेक्टर- यूपीएससी के परिणाम आने के बाद जहां चितवन जैन के परिवार में खुशी का महौल है. बेटे की उपलब्धी के बारे में पिता मनीष जैन जो व्यवसायी है उन्होंने बताया कि उसका बचपन से ही कलेक्टर बनने का सपना था. जिसके चलते उन्होंने अपना पहला प्रयास में बिना किसी विशेष तैयारी के दिया था, इसके बाद उन्होंने दो साल तक लगातार तैयारी की, जिसमें एक वर्ष दिल्ली में रहकर ऑनलाइन कक्षाएं लीं और एक साल कोचिंग में अध्ययन किया.

## सृष्टि को 5वीं कोशिश में मिली यूपीएससी में कामयाबी

**ग्वालियर.** मुरार इलाके की चिक संतर निवासी सृष्टि गोयल ने यूपीएससी परीक्षा 2025 में ऑलइंडिया रैंक 160 हासिल की है. सृष्टि गोयल के



पिता सुनील गोयल का सोने-चांदी का व्यापार है. सृष्टि गोयल ने बताया कि वह आईआईटी में नहीं जा पायी. इसलिये उन्होंने यह रास्ता चुना है. अपनी 5वीं कोशिश में कामयाब हुई. कोचिंग के बारे में कहा है कि उन्होंने मेन्स के लिये टेस्ट पेपर्स पर विश्वास किया है. कोचिंग लेना है या नहीं, यह हर किसी का अपना निर्णय है.

# कर्मचारी नेताओं का सरकार से अनुरोध

- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील न करने की कर्मचारियों की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 6 मार्च. मध्यप्रदेश के दो प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि नए नियुक्त कर्मचारियों को सेवा के पहले तीन वर्षों में 70त्न, 80त्न और 90त्न स्टाइपेंड देने संबंधी नियम को निरस्त करने वाले हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील न की जाए.**

मध्यप्रदेश मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ और



मध्यप्रदेश निगम मंडल कर्मचारी महासंघ ने कहा कि इस फैसले के विरुद्ध अपील करना असंवेदनशील कदम होगा और इससे सरकार व कर्मचारियों के बीच संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा हो सकता है.


**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: srmmp.fci@nic.in

क्र. S&C/15/RTC/R&C NIT/2026/07 दिनांक: 07.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जोखिम एवं खर्च पर ठेकेदार की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।
किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**



**नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
आंचलिक विपणन कार्यालय
A-A/2, कार्यालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल पिन- 462023(M.P.)
मोबाइल नंबर 9308602193, 8947995416
एन एफ एल NFL

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश राज्य में एन.एफ.एल. बीज प्रसंस्करण इकाई-इंदौर में 2 वर्ष की अवधि हेतु हथलन, प्रसंस्करण/ विधायन तथा अन्य संबंधित कार्य के लिए योग्य फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 13 मार्च 2026, 14:30 बजे तक, निविदा आई.डी.: 2026_NFL_269867_1।**
विस्तृत शर्तें, तकनीकी विवरण, पात्रता मानदंड एवं निविदा प्रपत्र आदि की जानकारी हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइटों पर विज़िट करें: **www.nationalfertilizers.com, www.etenders.gov.in/eprocure/app** । किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल एनएफएल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**आंचलिक प्रबंधक, भोपाल**



पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास द्वारा आयोजित



साधना महोदधि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज के पावन सानिध्य में




चतुर्थ सामूहिक उपवास

इस बार नीमच में कल

संगीत एवं कवि सम्मलेन 7 मार्च को

समय : सुबह 8: 30 - 11: 30 बजे तक
स्थान : अटल बिहारी वाजपेयी टाउन हॉल, दशहरा मैदान के पास, नीमच।

पावनाशीष : पावनाशीष : काव्यपाठ : मधुर बांसुरी वादन:



पूज्य गुरूदेव, श्री अंबाजी धाम, निपानिया | पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी सुरेशानंद जी | टीवी स्टार : सुदीप भोला | विक्रम एवं देव कनेरिया

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

कार्यक्रम संयोजक मंडल :
एस. के. तिजारावाला (हरिद्वार)
प्रवक्ता, स्वामी रामदेव जी महाराज
आकाश जैन
समन्वयक, अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास

FASTING FOUNDATION Embrace the pause

Fasting Foundation : Neemach Chapter

विजय कुमार विनायका 9406664555
अजय कासलीवाल 9479419194
जितेन्द्र जैन बंटी 7697061008
महेश कुमावत 8959544039

Follow us on:
https://www.facebook.com/fastingfoundationn
https://www.instagram.com/fastingfoundation
Visit us at: www.fastingfoundation.com
Give us miss call at +919311431555


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**